कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री कजोडी लाल मीना प्लाट नं0 418 विवेक विहार कालोनी न्यू सांगानेर रोड सोडालाल जयपुर 302019।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अति जिला कलक्टर दौसा, जिला दौसा।

अपील सं0 03/2021

निर्णय दिनांक :21.01.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना प्रभारी अधिकारी (ए.डी.एम कोर्ट) कलेक्ट्रेट दौसा एवं प्रभारी अधिकारी (भू–अभि0) कलेक्ट्रेट दौसा से संबंधित होने के कारण लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा द्वारा पत्रांक 30–31 दिनांक 13.01.2021 के द्वारा अपील आवेदन पत्र सूचना संकलन हेतु प्रेषित किया गया। प्रभारी अधिकारी (ए.डी.एम कोर्ट) कलेक्ट्रेट दौसा द्वारा पत्रांक 172 दिनांक 18.01.2021 द्वारा एवं प्रभारी अधिकारी (भू–अभि0) कलेक्ट्रेट दौसा द्वारा पत्रांक 480 दिनांक 19.01.2021 से सूचना लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर जिला दौसा को प्राप्त हुई। जिनको पत्रांक आर0टी0आई/2021/51 दिनांक 21.01.2021 के संलग्न इस कार्यालय मे भिजवाया गया है। जिसकी सूचना अपीलार्थी को सूचना की प्रति संलग्न कर प्रेषित की गई। उपरोक्त पत्रादि संलग्न पत्रावली है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करवा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है। अतः अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(पीयुष समारिया)
जिला कलेक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official